लायन्स क्लब झुंझुनूं द्वारा सम्पन्न गतिविधियां

www.myjhunjhunu.com/jhunjhunulionsclub

माई झुं. न्यूज। लायन्स क्लब झुंझुनूं द्वारा माह सितम्बर में सम्पन्न गतिविधियां इस प्रकार है-

साधारण सभाएं:- दिनांक 2, 16 एवं 30 सितम्बर को रात्रि 8 बजे केडिया सदन झुंझुनूं में आयोजित की गई।

कार्यकारिणी सभाएं:-दिनांक 9 व 23 सितम्बर को रात्रि 8 बजे केडिया सदन झुंझुनूं में आयोजित की गई।

नि:शुल्क भोजन व्यवस्था :-11 सितम्बर को राणी सती के वार्षिक पूजा पर दर्शनार्थियों के लिए चूणा चौक में भोजन व्यवस्था की गई। आर्थिक सहयोग डोनियर सूटिंग मुम्बई एवं श्याम टे क्सटाईल झुंझुनूं का रहा। शिविर संयोजक लायन प्रमोद तुलस्यान थे।

पुलिस लाइन को पंखे :-13 सितम्बर को पुलिस लाइन झुंझुनूं में बैरिक हेतु 10 पंखे (क्राम्पटन ग्रीवन) भेंट किए गये। आर्थिक सौजन्य बिड़दीचंद दीनबन्धु जालान,मुम्बई का रहा,कुल 9700रु . खर्चा हुआ।

मधुमेह चिकित्सा शिविर :- दिनांक 16 सितम्बर को पंसारी लायन्स अस्पताल झुंझुनूं में नि:शुल्क मधुमेह चिकित्सा शिविर का आयोजन लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के सौजन्य से संयोजक अशोक सोनी के कुशल निर्देशन में किया गया जिसमें 165 रोगियों की जांच की गयी। डॉ. जे.सी. जैन द्वारा रोगियों को नि:शुल्क परामर्श दिया जाकर क्लब द्वारा नि:शुल्क दवाईयां वितरित की गई। इस शिविर में डॉ.एन.एस.नरूका, लायन सत्यनारायण शर्मा,अमरनाथ जांगिड़, सीताराम केडिया, रतनलाल शर्मा, फारूख लुहार, विश्वनाथ सोनी, राजकुमार तुलस्यान, शिखरचन्द जैन,सलीम इलेक्ट्रीशियन, अशोक सोनी उपस्थित थे।

गणवेश वितरण :-16 सितम्बर को पंसारी लायन अस्पताल में सैनिकपुरा स्कूल के जरूरतमंद सौलह छात्राओं को गणेश वितरित की गई। आर्थिक सौजन्य लायन सत्यनारायण शर्मा का रहा। कुल खर्चा 2707 रु. का हुआ।

लायन्स क्वेस्ट :- 23 सितम्बर को लायन्स क्वेस्ट,कार्यशाला का विधिवत शुभारम्भ हुआ जो 23 से 25 सितम्बर तक चली। ट्रेनर अर्चना भट्ट पूना को बुलाया गया। एस.एस.मोदी विद्या विहार प्रांगण में यह प्रोग्राम सम्पन्न हुआ एवं आर्थिक सौजन्य भी एस.एस.मोदी एज्यूकेशन ट्रस्ट का रहा। कुल 30 टीचर्स इस ट्रेनिंग में भाग लिया। संयोजक लायन प्रतापसिंह स्वामी एवं सह संयोजिका अनिता बंसल रही।

30 सितम्बर को निशुल्क होम्योपैथिक शिविर पंसारी लायन अस्पताल में सम्पन्न होगा जिसमें डॉ. रमेश यादव अपनी निशुल्क सेवा देंगे एवं आर्थिक सौजन्य लायन शिखरचंद जैन का रहा। संयोजक लायन डॉ.एन.एस.नरूका का रहा।

भावी कार्यक्रम

सेवा सप्ताह- 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर

2 अक्टूबर-विश्वशांति रैली पंसारी लायन्स अस्पताल से चलकर डॉ. जैन क्लीनिक पर समाप्त होगी। समय सुबह 10.30 बजे। संयोजक रतनलाल शर्मा

3 अक्टूबर- स्कूली छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा एवं फल वितरित किये जायेंगे। स्कूल सैनिकपुरा स्कूल बगड़ रोड़,संयोजक-लायन डॉ.उम्मेद सिंह शेखावत।

4 अक्टूबर- रक्तदान शिविर बीडीके अस्पताल में आयोजित होगा। संयोजक लायन अशोक तुलस्यान होंगे।

5 अक्टूबर- पीस पोस्टर प्रतियोगिता एस.एस.मोदी विद्या विहार में सम्पन्न करवाई जो कि संयोजिका लायन अनिता बंसल रहेंगी।

6 अक्टूबर-सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जायेगा। जिसमें सड़क सुरक्षा सप्ताह पम्पलेट एवं वाहनों की लाइट काली की जायेगी। संयोजक लायन अशोक सोनी होंगे।

6 अक्टूबर-आशा का झरना स्कूल में विकलांग एवं मूक बच्चों को उनकी जरूरत के अनुसार खेल सामग्री दी जायेगी।आर्थिक सौजन्य लायन लायन प्रताप सिंह स्वामी। संयोजक लायन अशोक सोनी होंगे।

7 अक्टूबर को स्त्री रोग निदान का कैम्प सम्पन्न होगा। जयुपर की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सेवा प्रदान करेंगी। सौजन्य काशीनाथ जी गाडिया का रहेगा। संयोजक अशोक सोनी रहेंगे।

14 अक्टूबर को विशाल नेत्र चिकित्सा एवं लैन्स प्रत्यारोपण शिविर शक्तिधाम केड में सम्पन्न होगा। जिसमें डॉ. ए.सी.पुरोहित अपनी सेवाएं देंगे। आर्थिक सौजन्य बलरामपुर चिनी मिल का रहेगा। संरक्षक लायन बी.जी.पुरोहित एवं संयोजक लायन मनोहरलाल राणासरिया, सहसंयोजक शकुन्तला पुरोहित होंगी।

मधुमेह चिकित्सा शिविर :- दिनांक 21 अक्टूबर को पंसारी लायन्स अस्पताल झुंझुनूं में नि:शुल्क मधुमेह चिकित्सा शिविर का आयोजन लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्टके सौजन्य से संयोजक अशोक सोनी के कुशल निर्देशन में किया जायेगा जिसमें सभी रोगियों को नि:शुल्क दवाईयां प्रदान की जायेगी तथा क्लब संरक्षक एमजेएफ लायन डॉ. जे.सी. जैन एवं डॉ. एन.एस.नरूका द्वारा नि:शुल्क परामर्श रोगियों को प्रदान किया जायेगा।

क्लब द्वारा किये जाने वाले स्थायी सेवा कार्य:-

पोलियो एंव टीकाकरण शिविर:- माह के प्रत्येक रविवार को झाबरमल टीबड़ा गेस्ट हाऊस एवं पसांरी अस्पताल झुंझुनूं में प्रात: 9 से 11 बजे बच्चों को नि:शुल्क डीपीटी, बीसीजी के टीके एवं पोलियो ड्राप्स पिलाई जाती है तथा गर्भवती महिलाओं को टीटनेस के टीके लगाये जाते है।

जलमन्दिरों का सचांलन :- चार (4) लायन्स जल मन्दिरों का सफलता पूर्वक सचांलन शहर में विभिन्न स्थानों पर किया जा रहा है।

आक्सीजन सिलेन्डरों की व्यवस्था:- क्लब द्वारा जरुरत मन्द रोगीयों को आवश्यकता पर नि:शुल्क आक्सीजन सिलेन्डर उपलब्ध करवाये जाते है ।

लायन्स अस्पताल का सचांलन:- बगड़ रोड़ स्थित पसांरी लायन्स अस्पताल झुंन्झुनूं का संचालन स्थायी रुप से किया जा रहा है।

बधाई सन्देशों का प्रेषण: शेखावाटी रीजन के सभी क्लबों के सदस्यों को जन्मदिवस तथा विवाह वर्षगांठ पर बधाई सन्देश चैयरमैन ग्रीटिंगं कमेटी लायॅन जे.के. पाटोदिया द्वारा भेजे जाते है।

क्लब वैबसाईट:- लायन्स क्लब झुंझुनूं की वैबसाइट नियमित रुप से वैबसाइट चेयरमैन लायन डी.एन. तुलस्यान द्वारा अपडेट की जाती है।

माई झुं. न्यूज। न्यूज राजस्थान बालिका महाविद्यालय की छात्रा एकता सिंह का टेबिल टेनिस अन्तर विश्वविद्यालय स्तर पर चयन हुआ है। छात्रा गुजरात में होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। छात्रा का स्कूल परिसर में चयन होने पर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया।

लाइफ इन्श्योरेंस के एजेन्ट बने

माई झु. न्यूज। परम हर्ष का विषय है कि आईसीआईसीआई प्रुडेन्सीयल लाइफ इन्श्योरेन्स कम्पनी ने अपनी शाखा झुंझुनूं में शुरू कर दी है। आईआरडीए ने इसे नम्बर वन बीमा कम्पनी का दर्जा दिया है। एलआईसी के बाद सबसे ज्यादा लोकप्रिय व सबसे ज्यादा प्रीमियम जमा करने का श्रेय भी इसी कम्पनी को है।

यदि आप मेहनत करने में विश्वास रखते हैं, अच्छी आमदनी कर अपना भविष्य संवारना चाहते हैं तथा एजेन्ट बनकर इस कम्पनी से जुड़ना चाहते है तो आपका स्वागत है। यदि आप इच्छुक है तो आपको आईआरडीए द्वारा आयोजित परीक्षा उतीर्ण कर आईसीआईसीआई का ट्रेनिंग सेशन पूरा करना है ताकि आप इसके एजेन्ट बन सके। अधिक जानकारी व एजेन्ट बनने के लिये सम्पर्क करे।

मुकेश, Recruitment Officer
Mob. 9460541832

चावो दादी विद्या कुंज का वार्षिकोत्सव

माई झु. न्यूज। चावो दादी ट्रस्ट द्वारा संचालित,श्री चावो दादी विद्या कुंज का 16 वां वार्षिक उत्सव समारोह पुर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष कुमार खेतान ने की,मुख्य अतिथि विभा खेतान,सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां थी। विशिष्ट अतिथि डॉ. लक्ष्मीकांत शर्मा सर्जन बीडीके अस्पताल,काशीनाथ खेतान,हरगोविन्द खेतान,सतीष चन्द्र खेतान,नरसिंह प्रसाद, सत्यनारायण खेतान,आत्माराम खेतान थे।

अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के बाद सरस्वती वंदना,स्वागतगान,राजस्थानी लोक गीतों पर सामुहिक एवं युगल नृत्य की प्रस्तुतियां दी गयी,सामुहिक नृत्य पेश किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से एक बढकर कुल 24 कार्यक्रम पेश किए।

गत शिक्षा सत्र में नर्सरी कक्षा से आठवीं तक अपनी कक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया तथा विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। संचालन मंजू चौहान तथा चन्द्रशेखर शर्मा ने किया। प्रधानाध्यपक पूर्णसिंह सैनी को मेहमानों का स्वागत कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सत्यनारायण गाडिया,एस.एस.कुकरेती प्रिंसीपल जीबी मोदी सी.सै.स्कूल, प्रधानाध्यापक आदर्श बाल निकेतन सुरेन्द्र शर्मा,सुधाकर शर्मा,माथुर,आयुर्वेदाचार्य उमेश शर्मा,मनीराम बुडानिया,अध्यक्ष लायन्स क्ल सीटी ग्रेटर,महेन्द्र सैनी पत्रकार,श्याम सुन्दर पौद्दार,हीरालाल स्वामी एवं व्यापर संघ,लायन्स क्लब,विद्यालयों के शिक्षक एवं शहर के गणमान्य नागरिक,महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित थे। तीन घंटों से भी अधिक समय तक चले रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंत में चावो दादी ट्रस्ट के अध्यक्ष काशीनाथ खेतान ने आगन्तुकों का आभार व्यक्त कर विद्यालय का नया भवन बनाये जाने की जानकारी दी। अंत में राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम समाप्त हुआ। वार्षिक उत्सव पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को तथा कार्यक्रम में भाग लेने से वंचित बच्चों को 18 सितम्बर को पुरस्कृत किया गया जिसके लिए चावो दादी ट्रस्ट के अध्यक्ष काशीनाथ खेतान ने रूपए 2500 तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष संतोश कुमार खेतान ने रू. 2500 एवं मुख्य अतिथि विभा खेतान तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. लक्ष्मीकांत शर्मा प्रत्येक ने रू. 1100 सहयोग राशि दी।

पुष्पादेवी खेतान फाउन्डेशन ट्रस्ट मुम्बई की तरफ से 11 बच्चों को रू. 5350 तथा 5 गरीब एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंध समिति के चेयरमेन हरगोविन्द खेतान ने रू. 5000 तथा श्री हरिशंकर खेतान ने एक गरीब छात्रा की फीस रू.2400 छात्रवृति के रूप में देने की घोषणी की।

डूंगरमल पाटोदिया ट्रस्ट द्वारा पाटोदा ग्राम में रामदेवजी मेले पर भजन संध्या

माई झु.न्यूज। झुंझुनूं के निकटवर्ती ग्राम पाटोदा में शुक्रवार को सेठ डूंगरमल पाटोदिया चैरीटेबल ट्रस्ट मुम्बई की ओर से रामदेवजी मेले पर विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। मेले में दूर दूर से आये श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव के दर्शन कर भजन संध्या में झुंझुनूं,अलवर एवं नारनोल से आये गायकारों द्वारा प्रस्तुत भजनों का श्रवण किया। गायकारों ने सुन्दर प्रस्तुतियों से भक्तों का मन मोहा।

झुंझुनूं से आयोजन में चौथमल पाटोदिया,प्रदीप पाटोदिया, मोहनलाल तुलस्यान,कालुराम तुलस्यान, मनोहरलाल गाडिया, धर्मचन्द मिस्त्री, संजय नांगलिया,दिलीप मोदी,बंटी टीबड़ा, विमल टमकोरिया,महेन्द्र रिंगसिया एवं निर्मल मोदी सहित अन्यजन सम्मिलित हुए। शनिवार को मेले के दौरान पाटोदिया ट्रस्ट द्वारा विभिन्न प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें कबड्डी,ऊंची कूद,फूटबाल आदि मुख्य थी। जिसका उद्घाटन सुप्रसिद्ध घुड़सवार खिलाड़ी स्वर्ण पदक विजेता रूघवीरसिंह शेखावत द्वारा किया गया। सभी विजेताओं को पुरूस्कार मुख्य अतिथि नरेन्द्र प्रधान पंचायत समिति अलसीसर ने प्रदान किये।

लायन्स क्लब झुंझुनूं द्वारा पुलिस लाईन को 10 पंखे भेंट

माई झुं. न्यूज। लायन्स क्लब झुंझुनूं द्वारा झुंझुनूं पुलिस लाईन बैरक में पंखों की आवश्यकता के मध्येनजर 10 क्राम्पटन ग्रीवज कम्पनी के पंखे दानदाता बिड़दीचंद दीनबन्धु जालान के सौजन्य से प्रदान किये गये।

उक्त पंखे 13 सितम्बर गुरूवार को जिला पुलिस अधीक्षक सचिन मित्तल को एस.पी. ऑफीस में क्लब अध्यक्ष एडवोकेट सत्यनारायण शर्मा, लायन्स प्रान्त 323 ई-1 के प्रान्तपाल एमजेएफ लायन श्रवण केजड़ीवाल, प्रान्तीय सचिव परमेश्वर हलवाई एवं प्रान्तीय कोषाध्यक्ष लायन देवकीनन्दन तुलस्यान द्वारा भेंट किये गये। जिला पुलिस अधीक्षक सचिन मित्तल ने लायन्स क्लब झुंझुनूं को पंखे भेंट करने पर आभार प्रकट किया है।

पूण्य तिथि

26 अक्टूबर 1986

स्व. श्री हनुमानबक्स जी तुलस्यान

आज ही के दिन आप अपनी मधुर स्मृतियां छोड़ कर चले गये थे आपको हमारा शत-शत नमन एवं हार्दिक श्रृद्धांजलि...

केशरदेव तुलस्यान
श्रीमती सुशीला देवी तुलस्यान
देवकीनन्दन, स्नेहलता
चन्द्रप्रकाश, संजूलता
योगेश, प्रशान्त
वंदना, सुबोध

चावो दादी ट्रस्ट द्वारा श्रीकान्तजी की देवी भागवत सम्पन्न

माई झुं. न्यूज। स्थानीय चावो दादी मंदिर में चावो दादी ट्रस्ट 12 सितम्बर से 18 सितम्बर तक बालव्यास श्रीकान्तजी शर्मा की भागवत कथा अनुठा आयोजन करवाया गया। व्यासपीठ पर आसीन श्रीकान्त शर्मा ने नवरात्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मां दूर्गा के पूजा के बिना कोई महान् नहीं बन सकता। देवी मां के कथा में बालव्यास श्रीकान्त जी ने बताया कि नवरात्र क्यों मनाया जाता है ? क्योंकि हमारे यहां नवरत्न है,नवग्रह है,नवरस है,नवकाली है,नवदुर्गा है। इसलिए नवरात्र का हमारे यहां बड़ा महत्व है। श्री राम ने नवरात्र वध करके ही रावण पर विजय प्राप्त की थी। वसुदेव-देवकी ने गंगाचार्य के द्वारा विंध्याचल में शतचण्डी करकर ही श्रीकृष्ण को पाया था। सिक्ख धर्म के गुरू गोविन्द सिंह ने नैना देवी की तपस्या करके धर्म की रक्षा की थी। रूकमणी ने मां की आराधना से श्रीकृष्ण को पाया था। गोपियों ने भी मां की आराधना से ही श्रीकृष्ण को प्राप्त किया था। बिना मां की आराधना के शिव भी शव है। शिव में जो इ का शब्द है, मां का शब्द है। यह हटाने से शव बन जाता है। श्री देवी भागवत कथा के आयोजन में प्रत्येक दिवस पर प्रवासीजन आयोजक यजमान एवं शहर के गणमान्यजन बडी संख्या में उपस्थित थे।